## खोया पाया

नारायण लाल मेहरा सुपुत्र मांगी लाल के मकान नं. 6-D-21, महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा की मूल आवंटन, सह कब्जा पत्र खो गया है। जिस किसी व्यक्ति को मिले, कृपया निम्न पते पर सम्पर्क करें।

**पंकज मेहरा, 6-D-21 महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा**
**मो. 7742783859**

## आम सूचना

मेरे पक्षकार श्री कचरूलाल आयु 66 वर्ष आत्मज श्री भैरूलाल निवासी 2-H-15 तलवण्डी कोटा-राज. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार का पुत्र नागराज पुत्र कचरूलाल व उसके साथ रहने वाली बिन्दु उर्फ विमला पुत्री स्व. रामस्वरूप जो अपने को नागराज की दोस्त बनकर मेरे पक्षकार के मकान में निवास कर रही थी। उक्त दोनों मेरे पक्षकार के कहने में नहीं है तथा मेरे पक्षकार व उसकी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार, लडाई झगडा, मारपीट करते है, उनकी सार संभाल नहीं करते है इसलिये मेरा पक्षकार इन दोनों को अपनी जात, समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। कोई व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का कोई संव्यवहार नहीं करें। अगर कोई व्यक्ति इन दोनों से कोई लेन-देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगा। मेरा पक्षकार उसके लिये किसी भी प्रकार से जवाबदेह या उत्तरदायी नहीं होगा। सूचित हों।
दिनांक-20.12.25

भवदीय
Anmol Shringi, Advocate

**न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश छबड़ा**
**पीठासीन अधिकारी श्री अविनाश चौधरी, आर.जे.एच.एस.**
**उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रकरण संख्या 28/2025**

चिरंजन आयु 30 वर्ष पुत्र श्री जगमोहन दत्तक पुत्र शिवलाल जाति मीणा निवासी ग्राम गोडियामेहर तहसील छबड़ा जिला बारां (राज.) ..प्रार्थी

बनाम

सर्वसाधारण ...अप्रार्थी

**प्रार्थजा पत्र बावत् उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

वास्ते सर्वसाधारण

जो कि मृतक श्री शिवलाल पुत्र मूलचंद जाति मीना निवासी धाम गोडियामेहर तहसील छबड़ा जिला बारां (राज.) का स्वर्गवास दिनांक 25.03.2025 को हो गया है। शिवलाल के कोई वारिश नहीं होने से शिवलाल द्वारा प्रार्थी को उसकी नाबालिग अवस्था पांच वर्ष की आयु में ही गोद पुत्र बनाकर गोद रख लिया था तथा गोद के समय सभी रस्में अदा की गई थी एवं इसके पश्चात शिवलाल द्वारा दत्तक पुत्र ग्रहण करने बाबत एक गोदनामा निष्पादित कर उपपंजीयन कार्यालय में दिनांक 03.08.2009 को पंजीकृत करवाया था। तब से प्रार्थी शिवलाल का दत्तक पुत्र चला आ रहा है। शिवलाल द्वारा ही प्रार्थी का लालन पालन, शिक्षा-दीक्षा एवं शादी करवाई गई है। प्रार्थी ही एकमात्र मृतक शिवलाल का विधिक उत्तराधिकारी है। इसके अलावा/अतिरिक्त अन्य कोई उत्तराधिकारी एवं नजदीकी रिश्तेदार नहीं है। मृतक शिवलाल के भारतीय स्टेट बैंक शाखा सीटीपीपी मोतीपुरा थर्मल के खाता संख्या 61153968529 में जमा राशि लगभग 70000 रुपए प्राप्त करने के लिए प्रार्थी ने उत्तराधिकार हेतु इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है। अत: इस सूचना पत्र द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बैंक खाते में जमा राशि प्रार्थी को दिए जाने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किए जाने में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, वह दिनांक 17.01.26 समय 10 एम पर इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश करें।
दिनांक 27.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा से प्रसारित किया गया।
मोहर अदालत

न्यायालय के आदेश से
रीडर
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
छबड़ा जिला बारां (राज.)

# हाड़ौती गौरव सम्मान-2026 की तैयारियां जोरों पर

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती अंचल में सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित करने के लिए न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी द्वारा आयोजित अष्टम हाड़ौती गौरव सम्मान-2026 की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह भव्य आयोजन 5 जनवरी 2026 को अग्रवाल सेवा सदन, विज्ञान नगर, कोटा में संपन्न होगा।

समाजसेवी हरि कृष्ण बिरला एवं राजेश कृष्ण बिरला, तथा एलबीएस ग्रुप के कुलदीप माथुर ने आयोजन समिति से भेंट के दौरान कहा कि "जिन लोगों ने अपना पूरा जीवन समाज, गरीबों, जरूरतमंदों और जनकल्याण के कार्यों में समर्पित किया है, उनका सम्मान किया जाना न केवल आवश्यक है बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक भी है।"

# सुरेन्द्र माथुर की पुण्यतिथि पर 171 यूनिट रक्तदान

**कोटा,** (निसं)। एलबीएस ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय सुरेन्द्र कुमार माथुर की चौदहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर एलबीएस शिक्षा समूह द्वारा लाल बहादुर शास्त्री कैंपस, महावीर नगर विस्तार योजना एवं रानपुर परिसर में रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 171 यूनिट रक्तदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने बताया कि यह आयोजन एलबीएस शिक्षा समूह, रोटरी क्लब एवं ईथॉस हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला रहे। विशिष्ट अतिथियों में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन, नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, भाजपा नेता पंकज मेहता, डीएसपी आर.ए.सी. आशीष भार्गव, रोटरी क्लब से अमित ठाकुर,




एलबीएस ग्रुप के संस्थापक स्व.सुरेन्द्र माथुर की पुण्यतिथि रक्तदान शिविर आयोजित हुआ।

संजय जैन, संदीप चांदीवाला, राजकुमार जैन सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत माला, दुपट्टा एवं मोमेंटो भेंट कर किया गया। वहीं रक्तदाताओं को संस्था की ओर से उपरना, माला एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नि:शुल्क मेडिकल कैंप में फिजिशियन, श्वास रोग, दंत रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा सेवाएँ दी गईं। जिसमे 850 से अधिक छात्र/छात्राओं के स्वास्थय की जाँच की गई। इस अवसर पर डॉ. बृजमोहन, डॉ.सूर्य पोरवाल, डॉ. मिली भारद्वाज, डॉ.अरुण कुमार मेवाड़ा, डॉ. लीना सक्सेना तथा आई.बी.बी. कॉलेज के सहयोग से फिजियोथैरेपी सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं, जिनका सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर समाजसेवा के इस पुण्य कार्य में सहभागी बनने की अपील की गई। इस कार्यक्रम में एलबीएस समूह के सीईओ ओपी माथुर, सचिव उर्मिला माथुर, निदेशक योगेन्द्र माथुर, डॉ.शिल्पा माथुर, डॉ. गुरूदत्त कक्कड़, उपेन्द्र माथुर, सुदर्शन माथुर, मयूर सक्सेना, यकीन खान, दीपक खत्री, सुरेन्द्र नागर, नीतू कुमावत, नेहा, दिव्या गोचर सहित समस्त स्टॉफगण उपस्थित रहा।

## सार-समाचार

### प्री-ओन्ड कार कार्निवल संपन्न




**कोटा,** (निसं)। मारुति सुज़ुकी टू वैल्यू द्वारा कोटा में आयोजित प्री-ओन्ड कार कार्निवल 20 दिसंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान 200 से अधिक ग्राहकों ने भाग लिया और विभिन्न कारों का टेस्ट ड्राइव किया। कार्यक्रम में फैमिली गेम्स और मनोरंजक गतिविधियों के कारण अच्छा फुटफॉल देखने को मिला। भाटिया एंड कंपनी एवं स्वालका मोटर्स द्वारा 100 से अधिक क्वालिटी सर्टिफाइड प्री-ओन्ड कारों को प्रदर्शित किया गया, जिन पर 1 वर्ष/15,000 किमी वारंटी एवं 3 फ्री सर्विस की सुविधा दी गई। यह योजना 20 दिसंबर को सफल रही है, आप भी 21 दिसंबर को इस कार्निवल में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं। वर्तमान में देशभर में 60 लाख से अधिक ग्राहक मारुति सुज़ुकी टू वैल्यू से जुड़ चुके हैं।

### आरोपी पिता-पुत्र सहित तीन गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। बोरखेड़ा पुलिस टीम ने दो पक्षो के बीच हुए झगड़े में जानलेवा हमले की दर्ज रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए पिता-पुत्र सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल टेलर ने बताया कि 9 दिसम्बर को पीड़ित ने अस्पताल में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि घर के बाहर खड़ा था, अचानक खांसी आने से मकान के बाहर नाली मे थूक दिया, उसी समय मकान के सामने रहने वाले रामस्वरूप की लड़की खड़ी थी जिसने कहा कि हमे देखकर थूक रहा है जिस पर उसने यह बात अपने पिता रामस्वरूप व भाई आकाश से कही। जिस पर थूकने के विवाद को लेकर मकान के सामने रहने वाले रामस्वरूप उसके बेटे आकाश, व आशीष ने तलवार व लोहे के पाईपों से जानलेवा हमला कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। थानाधिकारी ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए राजनगर निवासी रामस्वरूप उसके पुत्र आकाश मेघवाल एवं आशीष को गिरफतार किया। पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी आरोपियो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मंत्रालयिक कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन

**कोटा,** (निसं)। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की कार्यशैली से नाराज़ विभाग के कई कार्मिक एकजुट हो गए हैं। आधे से ज्यादा कर्मचारियों ने संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा कोटा संभाग को ईमेल और डाक के माध्यम से ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है। कार्मिकों द्वारा सौंपे गए इस संयुक्त ज्ञापन में ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) गायत्री मीणा पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में बताया गया है कि सीबीईओ द्वारा राजकीय वाहन का निजी कार्यों में उपयोग किया जा रहा है। वाहन कोटा से सुल्तानपुर प्रतिदिन आवागमन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि लॉगबुक में फर्जी इंद्राज कर राजकोष को लगभग 11 महीने से नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कार्मिकों के अनुसार, राजकीय वाहन का उपयोग विद्यालय निरीक्षण, शैक्षिक योजनाओं की निगरानी और ब्लॉक स्तर के सरकारी कामों के लिए तय है, लेकिन वास्तविक क्षेत्रीय दौरे कम और निजी उपयोग अधिक किए जा रहे हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप है कि सीबीईओ द्वारा किसी भी प्रस्तावित दौरे या शैक्षणिक यात्रा की सूचना विभाग को पूर्व में नहीं भेजी जाती, फिर भी यात्रा प्रमाणित करवाई जा रही है। मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अधिकारियो से ज्ञापन में निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करने एवं शिकायतकर्ता मयंक तिवारी कनिष्ठ सहायक को द्वेषतावश कार्यमुक्त किए गए आदेश को निरस्त करवाने की मांग की।

# ट्रेन में भूल गए लाखों के सामान से भरा बैग, रेल सुरक्षा बल ने लौटाया

- ऑपरेशन अमानत के तहत लैपटॉप और मोबाइल सुरक्षित लौटाए

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम मध्य रेल के कोटा मंडल अंतर्गत भरतपुर पोस्ट एवं हिंडौन सिटी आउट पोस्ट द्वारा "ऑपरेशन अमानत" के तहत यात्रियों की संपत्ति को सुरक्षित लौटाने का सराहनीय कार्य किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत रेल सुरक्षा बल द्वारा एक यात्री का ट्रेन में छूट गया बहुमूल्य बैग तलाश कर उसे सही सलामत यात्री को सुपुर्द किया गया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 12060 में निजामुद्दीन से मथुरा के मध्य यात्रा कर रहे एक यात्री का लैपटॉप बैग मथुरा स्टेशन पर उतरते समय भूलवश ट्रेन में ही छूट गया था। इस संबंध में यात्री द्वारा रेल मदद के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई, जिसकी सूचना रेल सुरक्षा बल नियंत्रण कक्ष कोटा से रेल सुरक्षा बल हिंडौन सिटी को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही रेल सुरक्षा बल हिंडौन सिटी द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए संबंधित कोच को अटेंड किया गया।

टीटीई के सहयोग से गहन तलाश के उपरांत उक्त बैग को सुरक्षित रूप से बरामद कर हिंडौन सिटी स्टेशन पर उतारा गया तथा इसकी सूचना संबंधित यात्री को दी गई। इसके पश्चात यात्री रेल सुरक्षा बल आउट पोस्ट हिंडौन सिटी पर उपस्थित हुए, जहां दस्तावेजों के माध्यम से पहचान एवं सत्यापन किया गया। बैग की जांच करने पर उसमें एक एचपी कंपनी का लैपटॉप, दो आईफोन तथा दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री पाई गई।

**पश्चिम मध्य रेल**

कैटलॉग नं.-KOTA-Park-2025, अनुबंध का प्रकार- पार्किंग (कोटा- PF/4 एवं BMW), ई-नीलामी की तिथि एवं समय- 02/01/2026 समय 12:00 बजे से 12:40 बजे तक, कैटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

हस्ता.
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# नि:शुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित

**कोटा,** (निसं)। संत कंवरराम सिंधी धर्मशाला की ओर से हर माह की 20 तारीख को लगाए जाने वाले नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन शनिवार को सिंधी धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा शहर जिला महामंत्री शैलेंद्र ऋषि ने ऑपरेशन के पश्चात उपस्थित लाभार्थियों को चश्मों का वितरण किया।

सिंधी धर्मशाला समिति के अध्यक्ष गिरधारी पंजवानी ने कहा कि करीब 20 साल से यह शिविर अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित किए जाते है। यहां कोटा संभाग सहित एमपी के आसपास से भी लोग आकर लाभान्वित हो रहे हैं। सभी को रहने, खाने, दवा एवं चश्में का वितरण किया जाता है। ऑपरेशन भी निशुल्क डॉ. सुधीर गुप्ता के यहां कराए जाते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शैलेंद्र ऋषि ने कहा कि संत कंवर राम धर्मशाला समिति द्वारा किया जा रहा यह कार्य बेहद ही सराहनीय है हम सभी को इस कार्य में सहयोग करना चाहिऐं। हर वर्ग के लोगों की सेवा करना परमार्थ का काम है। इस दौरान समिति सदस्यों की ओर से माल्यार्पण कर, साफा बांधकर स्वागत शैलेंद्र ऋषि का स्वागत किया गया। डॉ.दिपेश छबलानी ने रेटीना और कालापानी की जांच कर उचित परामर्श दिया। इस दौरान करीब 80 लोगों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। समिति के सचिव दमोदर वनवानी ने कहा कि शिविर के दौरान 615 लोग आए, मोतियाबिंद के चयनित व्यक्तियों का ऑपरेशन कराया जाता है, अब तक करीब 10 हजार से अधिक ऑपरेशन संस्था द्वारा कराए जा चुके हैं। महेश आहुजा ने कहा कि निशुल्क नेत्र शिविर के साथ ही यहां मानवीय सेवा के रूप में अन्य सेवा कार्य भी किए जाते हैं। शिक्षा, चिकित्सा, निर्धन बेटियों के विवाह में भी मदद की जाती है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर्जुन जयसिंघानी, नन्द राजानी, मुकेश खुशनानी, चंद्र बुद्धरानी, जगदीश पेश, लोकेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों की समस्याएं, दिए समाधान के निर्देश

**बूंदी, ( निसं )।** राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के लिए शुक्रवार को खटकड ठाम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।

जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने चौपाल में पहुंचकर ठामीणों से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल समाधान कर राहत पहुंचाने के सख्त निर्देश दिए।

# पोषबड़ा महोत्सव 27 दिसंबर को

**बूंदी,** (निसं)। ऐतिहासिक लक्ष्मीनाथ मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी पोषबड़ा महोत्सव 27 दिसंबर शनिवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर में 21 दिसंबर रविवार को धर्म ध्वजा फहराई जाएगी।

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT**
**NIPANIYA PANCHAYAT SAMITI CHHABRA**

S.No. ग्रा.प./2025-26/34-38 Date : 16.12.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for works are invited from interested bidders up to 28.12.2025 of 6.00 Pm other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (httpp.//sppp.raj.nic.in, httpp://eproc.raj.nic.in) of the state.
UBN NO. ZBR2526WSRC00758-759

Village Development Officer, Gram Panchyat Nipaniya
Sarpanch, Gram Panchyat Nipaniya

**कार्यालय नगर परिषद बारां ( राज. )**

क्रमांक:-नपबा/भूमि रुपां./2025/8496 दिनांक:- 16.12.25

**भू-उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति**

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित हैं। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम खसरा नं. | जोनल प्लान (जॉन बी) में भू-उपयोग | प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन | क्षेत्रफल | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सरिता गुप्ता पत्नी श्री धर्मेन्द्र कुमार निवासी कृष्णा कालोनी अस्पताल रोड बारां तह. व जिला बारां (राज.) | नलका गृह निर्माण समिति बारां | सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय | आवासीय से व्यवसायिक | 146.37 वर्गमीटर | |

आयुक्त नगर परिषद बारां

राजस्थान सरकार
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन

**नोटिस**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नम्बर : 156/2025

चूंकि श्री यशवन्त सिंह डड्डा पुत्र श्री नेमीचन्द, लालचन्द आदर्श विद्या मन्दिर के पास, पचपहाड़ मार्ग, भवानीमण्डी, तहसील भवानीमण्डी, जिला झालावाड़ द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास "श्री जैन श्वेताम्बर चिन्तामणी पार्श्वनाथ मन्दिर" भवानीमण्डी, जिला झालावाड़ में प्रन्यासियों के परिवर्तन को प्रन्यास में दर्ज अभिलेख करने हेतु जांच किये जाने के लिये प्रपत्र संख्या 8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 18.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 23.01.2026 है।

सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग कोटा

| पद | पदाधिकारी / सदस्य का नाम |
|---|---|
| संरक्षक | 1- श्री नेमीचन्द लोढा 2- श्री धर्मचन्द्र गोटावाला 3- श्री अशोक कुमार जैन |
| अध्यक्ष | श्री यशवन्त सिंह डड्डा |
| उपाध्यक्ष | 1- श्री पुखराज डड्डा 2- श्री प्रकाशचन्द छाजेड़ 3- श्री प्रसन्न लोढा |
| सचिवद्धय | 1- श्री विवेक जैन 2- श्री दिनेश जैन |
| कोषाध्यक्ष | श्री जितेन्द्र कुमार जैन |
| सह-कोषाध्यक्ष | श्री अशोक कुमार जैन |
| ट्रस्टी कार्यकारी सदस्य | 1- श्री अभय कुमार जैन 2- श्री दिलीप कुमार जैन 3- श्री हुकमचन्द जैन 4- श्री ललित कुमार नाहर 5- श्री सुनील मारवाड़ी 6- श्री महावीर बाफना 7- श्री बृजेश कुमार जैन 8- श्री राजेन्द्र कुमार 9- श्री संजय श्रीमाल 10- श्री नितिन सुराना 11- श्री प्रतिक जैन 12- श्री शुभम जैन 13- श्री अभिषेक जैन 14- श्री राकेश कुमार जैन, सुवासरा वाले |
| युवा सदस्य | 1- श्री पीयूष चौधरी 2- श्री नदेश्वर जैन |
| महिला सदस्या | 1- श्रीमती चन्दनबाला पामेचा 2- श्रीमती रंजना जैन |

# देशभर की 12 टीमें कोटा में दिखाएंगी दमखम

**कोटा,** (निसं)। ग्रासरूट हॉकी के विकास को समर्पित 29वां संग्राम सिंह मेमोरियल हॉकी कप-2025 का आयोजन 22 से 24 दिसंबर 2025 तक बधित बाल विकास केंद्र, झालावाड़ रोड़, कोटा में किया जाएगा। आयोजन त्रिपाठी आद्विक फाउंडेशन, एवं मेजर ध्यानचंद अकादमी, कोटा का सहयोग होगा।

फाउण्डेशन के ट्रस्टी रिषभ त्रिपाठी एवं श्रृद्धा त्रिपाठी ने बताया कि अंडर-14 आयु वर्ग के बालकों के लिए आयोजित इस प्रतिष्ठित सात-ए-साइड हॉकी प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 12 टीमें भाग लेंगी, जिनमें लगभग 120 युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टूर्नामेंट के चेयरमैन वी.के. जेटली, अध्यक्ष बलवीर सिंह सिसोदिया, संरक्षक राकेश जैन, सचिव बी.एस.खींची हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ का शुभारंभ में विधायक संदीप शर्मा, एसडीएम सीटी अनिल सिंघल, डॉ.विजय सरदाना होंगे वहीं फाइनल में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व अशोक कुमार ध्यानचंद कोटा पहुंचेगे। टूर्नामेंट के चेयरमैन वी.के. जेटली ने बताया कि प्रतियोगिता में राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश की नामी हॉकी अकादमियां शामिल होंगी। टूर्नामेंट को चार समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप-ए में पांडिला हॉकी अकादमी, भीलवाड़ा हॉकी अकादमी एवं सरस्वती हॉकी (यमुनानगर हरियाणा) शामिल हैं। ग्रुप-बी में एलवीएम हॉकी अकादमी झांसी, कोटा हॉकी अकादमी तथा हॉलीवुड स्पोर्ट्स अकादमी गुरदासपुर खेलेंगी। ग्रुपदूसी में गुना हॉकी अकादमी, प्रकाश हॉकी क्लब इंदौर एवं खेड़ा हॉकी अकादमी सोनीपत शामिल हैं, जबकि ग्रुप-डी में राजसमंद हॉकी अकादमी, सोलन हॉकी अकादमी तथा सनसिटी हॉकी अकादमी वाराणसी भाग लेंगी। टूर्नामेंट के चेयरमैन वी.के. जेटली ने बताया कि यह आयोजन विगत 29 वर्षो से प्रारंभ है जो आयोजन समिति के अनुसार यह प्रतियोगिता पूर्व हॉकी खिलाड़ी संग्राम सिंह की स्मृति में आयोजित की जा रही है।

# शहरी समस्या समाधान शिविर बना वरदान

**बूंदी, ( निसं )।** बूंदी के पुराने शहर की तंग गलियों में एक पुराना और खस्ताहाल मकान, जहाँ आशीष सेन एवं अरविंद सेन अपने पूरे परिवार के साथ रहते थे। वह घर बरसों पुराना था, जहाँ हर पल जगह की तंगी और सुविधाओं की कमी महसूस होती थी। बारिश के दिनों में छत का टपकना और दीवारों की सीलन आशीष के परिवार के लिए रोज़ की मुसीबत बन गई थी। लेकिन आशीष का सपना बड़ा था वह अपने परिवार को एक आरामदायक, सुरक्षित और नया घर देना चाहते थे।

अपने इसी सपने को हकीकत में बदलने के लिए आशीष ने पहला कदम उठाया। उन्होंने बूंदी शहर की एक नई विकसित कॉलोनी शांति नगर, देवपुरा में भूखंड संख्या 13 खरीदा। यह उनके जीवन की एक बड़ी उपलब्धि थी। अब बस मकान बनाना बाकी था। आशीष ने उत्साह के साथ घर का नक्शा बनवाया और कारीगरों से बात की। निर्माण के लिए धन की व्यवस्था करने हेतु उन्होंने बैंक से होम लोन लेने की तैयारी शुरू की, ताकि जल्द से जल्द काम शुरू हो सके। यहीं पर उनके सपने के रास्ते में एक बड़ी दीवार खड़ी हो गई। बैंक ने स्पष्ट कर दिया कि बिना "पट्टे" (संपत्ति का कानूनी दस्तावेज़) के उन्हें होम लोन नहीं मिल सकता। प्लॉट उनका था, लेकिन कागज़ों में कानूनी स्वामित्व का पुख्ता प्रमाण नहीं था। उन्होंने बहुत प्रयास किए, लेकिन तकनीकी कारणों से पट्टा नहीं मिल सका। सालों बीत गए, प्लॉट खाली पड़ा रहा और आशीष का परिवार उसी पुराने जर्जर घर में असुविधा के साथ रहने को मजबूर रहा। निराशा के दिनों में, आशीष को "शहरी समस्या समाधान शिविर 2025" के बारे में पता चला। एक अंतिम उम्मीद लेकर वह अपने सभी ज़रूरी दस्तावेज़ों के साथ शिविर में पहुँचे। शिविर में मौजूद अधिकारियों ने उनकी समस्या को गंभीरता से सुना।

